आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर आज धर्म ध्वजा फहराएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित करीब सात हजार विशिष्ट लोग बनेंगे ध्वजारोहण समारोह का हिस्सा।
- प्रधानमंत्री ने नए श्रम सुधारों को देश को मजबूत बनाने के प्रति सरकार की वचनबद्धता का प्रतीक बताया। कहा–दुनिया एक वैश्विक भागीदार के रूप में भारत के उदय को कर रही है स्वीकार।
- रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन से दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना । कहा–प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए मिशन के रूप में काम कर रही है सरकार।
- जाने माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का नवासी वर्ष की आयु में हुआ निधन । प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित कई प्रमुख नेताओं ने जताया दुख।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अयोध्या आ रहे हैं। वह श्री राम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने का प्रतीक होगा। एक रिपोर्ट–

**ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रभु राम और माता सीता की विवाह पंचमी के दिन अभिजीत मुहूर्त में होने वाला है। यह दिन नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को भी दर्शाता है, जिन्होंने 17वीं सदी में अयोध्या में लगातार 48 घंटों तक ध्यान किया था। आज जो धर्म ध्वज फहरायी जाएगी उसमें दस फीट ऊंचे और बीस फीट लंबे, समकोण वाले तिकोने ध्वज पर एक चमकते सूरज की तस्वीर है, जो भगवान श्री राम की प्रतिभा और वीरता का प्रतीक है। इस पर कोविदारा पेड़ की तस्वीर के साथ ऊँ अंकित है। यह ध्वज पारंपरिक उत्तर भारतीय नगर स्थापत्य–कला के अनुरूप बने शिखर पर फहराया जाएगा, जबकि मंदिर के चारों ओर बना 800 मीटर का परकोटा दक्षिण भारतीय स्थापत्य–कला परंपरा में डिजाइन किया गया है, जो मंदिर की स्थापत्य कला विविधता को दर्शाता हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

प्रधानमंत्री अयोध्या शहर में एक रोड शो करेंगे। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि प्रधानमंत्री आज एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री का अयोध्या में प्रस्तावित आगमन सुबह करीब 10 बजे होगा। प्रधानमंत्री सबसे पहले सप्मंदिर और शेषावतार मंदिर जाएंगे। लगभग 11 बजे, वह माता अन्नपूर्णा और राम दरबार गर्भ गृह में दर्शन और पूजन करेंगे। दोपहर 12 बजे, अभिजीत मुहूर्त में प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराएंगे, जो मंदिर के निर्माण–कार्य के पूरा होने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक मौके पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित करीब सात हजार विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदया और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सभी न्यासी उपस्थित रहेंगे। अयोध्या के ज्यादा से ज्यादा संत महात्मा उपस्थित रहेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के समाज को बुलाया गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश का सारा समाज समाज का रिप्रेजेंटेटिव वर्ग यहां उपस्थित रहेगा, लगभग 7,000 संख्या इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाली है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या पहुंच कर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**********

प्रधानमंत्री ने कहा है कि नए श्रम सुधार भावी अर्थव्यवस्था के निर्माण, अनुपालन सरल बनाने, महिला श्रमिकों के सशक्तीकरण और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में देश की स्थिति को मजबूत करने के प्रति सरकार की वचनबद्धता को दर्शाते हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का एक लेख साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि दुनिया एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में भारत के उदय को स्वीकार करती है।

**********

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कल भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। भारतके मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग पंद्रह महीने का होगा।

**********

प्रदेश के सभी जनपदों में एसआईआर प्रक्रिया का पहला चरण तेजी से पूरा किया जा रहा है। श्रावस्ती के जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी पांडेय ने कल विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे चार दिसम्बर से

पहले अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करा दें। जौनपुर जिले के शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। स्थानीय निवासी राजेंद्र ने एसआईआर प्रक्रिया को सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि बीएलओ के सहयोग से सभी मतदाता अभियान में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

**अच्छी पहल है। इसका परिणाम अच्छा होगा और डोर टू डोर यह ले जा रहे हैं। हम देख रहे हैं, खुद देख रहे हैं। सब सब का समस्या आ रही है। सब हल कर देना है। पूरा स्टाफ लगा हुआ है। इसको हल कर देना है कर देना है कोई दिक्कत नहीं है।**

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल प्रदेश के बागपत जिले में बड़ौत से दिल्ली और शामली के बीच दो मेमू रेल सेवाओं को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मेमू रेलगाड़ियाँ छात्रों और पेशेवरों के लिए बेहतर यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

**दिल्ली, शामली और सहारनपुर गन्ने का बड़ा हब है ये और यहां पर किसानों की, छात्रों की बहुत, एक बड़ी डिमांड है, जिस कारण से प्रधानमंत्री जी ने इस रूट पर बहुत ध्यान देकर कई अपग्रेड्स किए हैं। इलेक्ट्रिफिकेशन कंप्लीट किया है। दो ट्रेन सर्विसेज चालू की गई हैं, जो कि दिल्ली को शामली से जोड़ेगी। इस लाइन को डबल करने का काम हाथ में लिया है और बहुत जल्दी दिल्ली से शामली वाले सेक्शन को डबल किया जाएगा।**

इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए मिशन के रूप में काम किया जा रहा है।

**जब से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जिम्मेदारी ली है तब से उत्तर प्रदेश रेलवे के विकास के लिए बहुत बड़ा एक मिशन की तरह काम चालू हुआ है। जहां पहले मात्र 1,100 करोड़ का बजट होता था पूरे उत्तर प्रदेश के लिए। वहां मोदी जी 20,000 करोड़ का बजट 25–26 का जो फाइनेंशियल ईयर चल रहा है। इसमें 19,858 यानी करीब–करीब 20,000 करोड़ का बजट है। इन 11 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5,272 किमी नए ट्रैक बने।**

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक आधुनिक स्किल सेंटर का उद्घाटन भी किया। श्री चौधरी ने बताया कि बागपत के युवाओं को आधुनिक तकनीक और कौशल से जोड़कर स्किल हब बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कल लखनऊ में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की उन्नीसवीं राष्ट्रीय जंबूरी के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के लिए यह गर्व का मौका है कि यह ऐतिहासिक आयोजन लखनऊ में हो रहा है। उन्तीस नवम्बर तक चलने वाले इस आयोजन में देश–विदेश से लगभग तीस हजार से अधिक स्काउट्स एंड गाइड्स कैडेट्स शामिल हो रहे है।

**********

गोवा के पणजी में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी के छप्पनवें संस्करण में कल क्लासिक फिल्म 'मुरलीवाला' का विशेष प्रदर्शन किया गया। कल ही भारतीय अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संगीतमय कार्यक्रम इफ्फीस्टा का शानदार समापन हो गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कल महान अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि भी दी गई। उनके लिए दर्शकों और कलाकारों ने दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद भी उपस्थित थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि फिल्मोत्सव में देश–विदेश की फिल्मों और क्षेत्रीय सिनेमा को प्रदर्शित करने के अलावा कई अलग–अलग गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

**********

फिल्म अभिनेता पद्म भूषण धर्मेंद्र का कल मुंबई में एक अस्पताल में निधन हो गया। वे नवासी वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से पूरा देश दुखी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य समेत कई गणमान्य हस्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया ।

**********